## एक नजर में

### सैलान,आलोट एवं रतलाम क्षेत्र के मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया




**रतलाम।** सरकार द्वारा कफ सिरप कोल्ड्रिफ और श्रीसन फार्मा द्वारा निर्मित दवाइयां एवं अमानक औषधि को प्रतिबंधित किया गया है। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशानुसार मेडिकल ऑफिसर एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सैलाना के 10 मेडिकल स्टोर्स, रतलाम ब्लॉक के ग्राम सरवन में संचालित मेडिकल स्टोर्स एवं तहसील आलोट के मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किसी भी स्टोर पर प्रतिबंधित कोल्डरिफ सिरप या अन्य प्रतिबंधित दवाईयां नहीं पाई गईं। सभी मेडिकल संचालकों को यह स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रतिबंधित दवाओं का भंडारण या विक्रय नहीं करें।

### मानव श्रृंखला बनाकर यातायात नियमों का पालन करने का दिया संदेश



**रतलाम।** सेवा पखवाड़े के अंतर्गत लायंस ऑफ रतलाम द्वारा दो बत्ती घोड़ा चौराहे पर मानव श्रृंखला बनाकर यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में डीएसपी यातायात श्री आनंद सोनी मुख्य अतिथि थे। श्री सोनी ने कहा कि शहर के बढ़ते हुए अतिक्रमण के कारण तथा नियमों के अनदेखी करने से दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है। हेलमेट का हमेशा प्रयोग करें, अपना वाहन व्यवस्थित रखें जरूरी, कागजात एवं समय-समय पर गाड़ियों की सर्विसिंग अवश्य करते रहे। अपने शहर वासियों से और खासकर व्यापारी बंधुओ से अतिक्रमण के प्रति मानवीय दृष्टिकोण रखने का अनुरोध किया। इस अवसर पर रीजन चेयर पर्सन प्रेमलता दवे, डॉक्टर सुलोचना शर्मा, नीरज सुरोलिया, दिनेश शर्मा, वीणा छाजेड़, संदीप निगम, यास्मीन शेरानी, गोपाल जोशी, दिनेश कुमार, एम.के. जैन, श्वेता विनचुनकर, पुष्पा वासन, सुनीता पाठक, आरती त्रिवेदी, कल्पना राजपुरोहित, संतोष पुरोहित, रीटा दीक्षित, बी.के. जोशी, प्रवीण रामावत, सुनीता तिवारी, सुनीता पाठक राजेंद्र जायसवाल आदि उपस्थित थे। लायंस क्लब रतलाम गोल्ड द्वारा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत यातायात संकेतों का फोल्डर विमोचन करवाकर विभिन्न चौराहों पर तथा शैक्षणिक संस्थाओं को प्रदान किया गया। विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जेपी त्रिपाठी थे। श्री त्रिपाठी ने कहा कि मुझे खुशी है की लायंस क्लब के पदाधिकारी आम जनता की सुविधा के लिए कार्य कर रहे हैं यातायात के नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है हजारों लोगों की दुर्घटना में जान जाती है ऐसे में लोगों को जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर अध्यक्ष पुष्पा वासन, झोन चेयर पर्सन सरोज ओझा, आरती त्रिवेदी, संतोष जोशी आदि उपस्थित थे।

### सैलाना एवं बाजना में किसान चौपाल लगाई



**रतलाम।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रारंभ की गई भावान्तर योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशानुसार जनपद पंचायत बाजना के सभाकक्ष में एवं सैलाना में किसान चौपाल आयोजित कर समस्त पंचायत के सरपंचों को एवं सभी किसानों को भावांतर योजना में पंजीयन करने के लिए योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही भावांतर योजना में खरीदी एवं भुगतान की प्रक्रिया बताई गई।

# सीएम आज संघ शताब्दी सभागार का करेंगे लोकार्पण

**नवभारत न्यूज**

रतलाम। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज रतलाम में आएंगे। वे शहर के काटजू नगर में बने संघ शताब्दी सभागार का लोकार्पण करेंगे। सीमए के दौरे को लेकर प्रशासन ने व्यवस्थाओं का देर शाम को निरीक्षण किया।

**हेलीपेट और आयोजन स्थाल पर पहुंचा प्रशासन , निरीक्षण किया**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार दोपहर काटजू नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में बने संघ शताब्दी सभागार 2025 का लोकार्पण करेंगे। सीएम के आगमन को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार शाम को कार्यक्रम स्थल पर पुलिस बल की रिहर्सल भी की गई। विद्या भारती मालवा के प्रांतीय सचिव गोपाल काकानी ने बताया कि संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर इस सभागार का निर्माण किया गया है। 12 से अधिक दानदाताओं के जनसहयोग से यह भवन बना है, जिसकी लागत करीब एक करोड़ 20 लाख रुपए आई है। लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अखिलेश मिश्रा, प्रदेश के एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप और रतलाम सांसद अनीता चौहान भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगी।





**कलेक्टर ने हेलीपैड एवं कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया**

कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने बंजली हेलीपैड, कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। सभी अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी अमित कुमार, एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, एडीएम आर्ची हरित सहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

## संतुलित आहार से बढ़ेगा पशुधन का स्वास्थ्य एवं उत्पादन : एसडीएम सैलाना



सैलाना। कलेक्टर रतलाम श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशन में एसडीएम सैलाना तरुण जैन ने गुरूवार को ग्राम सरवन में दूध समृद्धि संपर्क अभियान के अंतर्गत पशुपालक कान्हा गुर्जर (निवासी ग्राम सरवन, तहसील सैलाना) के यहां पहुंचकर उनके पशुधन की स्थिति देखी।

कान्हा गुर्जर के पास 4 गाय और 4 भैंसें हैं। एसडीएम श्री जैन ने पशुपालक को संतुलित एवं पौष्टिक आहार, कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण और साइलेंस निर्माण के लाभों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संतुलित आहार से पशुओं का स्वास्थ्य बेहतर होता है और दुग्ध उत्पादन में वृद्धि होती है।

उन्होंने पशुपालक को आचार्य विद्यासागर गौसंवर्धन योजना के अंतर्गत लाभ दिलाने हेतु पशुपालन विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही अन्य पशुपालकों को भी वैज्ञानिक पद्धति से पशुपालन अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पशुपालन विभाग के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## शिकायतकर्ता नहीं मिला फिर भी कार्रवाई के लिए पहुंच रहे है कर्मचारी

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** नगर निगम में लगातार सीएम हेल्पलाईन की शिकायतें बढ़ती जा रही हैं। इन शिकायतों को रोकने के बजाय अधिकारियों के आदेश पर कर्मचारी निराकरण के लिए पहुंच रहे हैं।

**नगर निगम में बड़ रही सीएम हेल्पलाईन की शिकायत**

एक ही क्षेत्र और एक ही स्थान की लगातार हो रही शिकायत के बावजूद कर्मचारी अब दबाव बनाने व परेशान होकर धमकी दे रहे है और कार्रवाई का डर दिखाने लगे हैं। जबकि सीएम हेल्पलाईन पर शिकायत करने वाले की जानकारी मांगी जाने पर कर्मचारी खुद ढूंढने का कह रहे हैं। इस बारे में परेशान नागरिक द्वारा नगर निगम ऑफिस पहुंचकर जानकारी चाही तो बताया गया कि बार-बार शिकायत होने और शिकायत के निराकरण का दबाव बढ़ने से निराकरण के निर्देश दिए हैं। जब पूर्व में इसी स्थान पर हुई शिकायत

सीएम हेल्पलाइन

की जानकारी मांगी गई तो कहा गया कि शिकायकर्ता के नहीं मिलने पर शिकायत बंद करवा दी गई थी। अब फिर शिकायत होने से निराकरण के निर्देश दिए थे।

### अधिकारी परेशान

सीएम हेल्पपाईन पर फर्जी शिकायत मिलने के बाद अधिकारी शिकायतकर्ता को ढूंढने के लिए परेशान हो रहे हैं। इसके लिए कर्मचारियों को काम पर लगाया जाना पड़ रहा हैं। सूत्रों के अनुसार कुछ बंद नम्बरों से पहले सीएम हेल्पलाईन पर शिकायत की जाती हैं। शिकायत दर्ज होने के बाद नम्बर बंद कर लिए जा रहे हैं। ऐसे में अधिकारी शिकायत का निराकरण करने के लिए परेशान हो रहे हैं। फिर इसके लिए कर्मचारी को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है, तो सिर्फ नम्बर पर कॉल कर शिकायतकर्ता को ढूंढने का प्रयास करता ही रहता हैं। ऐसे में शिकायत बढ़ रही है और अधिकारी भी परेशान हो रहे हैं। लगातार अलग-अलग नम्बरों से होने वाली शिकायत से शिकायत बढ़ रही हैं। नगर निगम आयुक्त अनिल भाना ने बताया कि पूर्व की शिकायतों को कटवा दिया गया हैं। नई शिकायत को दिखवा रहे हैं।

**कलेक्टर ने कहा शिकायत को दिखवाएंगे**

नवागत कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह से नवभारत ब्यूरो प्रमुख डॉ. संजय उपाध्याय ने गुरूवार को मुलाकात कर जन समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि जिले में सीएम हेल्पलाईन शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। फर्जी शिकायातें से अधिकारी भी खुद परेशान हो रहे हैं। इस पर कलेक्टर ने कहा कि वे अब शिकायतों को दिखाएंगी। अभी मुख्यमंत्री का दौरा कार्यक्रम में व्यस्त होने के बावजूद उन्होंने अधिकारियों से फर्जी शिकायतों की जानकारी एकत्रित करने का कहा। उन्होंने कहा कि मेरी जन समस्याओं का निकराण करना प्राथमिकता रहेगी। नागरिकों की परेशानियों का समधान हो और शासन की सुविधाएं सभी हितग्राहियों तक पहुंचे इसको लेकर कार्य योजना बना रहे हैं। सीएम हेल्पलाईन पर फर्जी शिकायतें पर कार्रवाई की जाएगी।

**प्रपत्र में मांगी मांगी**

सीएम हेल्पलाईन भोपाल संचालक ने सभी कलेक्टर को पत्र जारी कर जानकारी मांगी हैं। जारी पत्र के साथ एक प्रपत्र भेजा गया हैं। इसमें सभी कलेक्टर से जानकारी प्रपत्र अनुसार भेजने को कहा गाया हैं। प्रपत्र में शिकायतकर्ता का नाम,मोबाइल नंबर,कुल शिकायतों की संख्या व शिकायतकर्ता के बारे में रिमार्क मांगा गया हैं।

## नदी पुल से कूद रहे युवक को डायल-112 जवानों ने बचाया

**रतलाम।** जिले के थाना बढ़ावदा क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते मलेनी नदी पुल से कूदकर आत्महत्या का प्रयास कर रहे (35) व्यक्ति को डायल-112 जवानों ने बचाया। युवक को लेकर सतर्कत बरते हुए वाहन के पुलिसकर्मी काउंसलिंग हेतु एफआरव्ही वाहन से थाने लेकर आए। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में बुधवार को सुबह 6 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल बढ़ावदा थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ आरक्षक गोपाल सोनगरा एवं पायलेट शौकत मंसूरी ने मौके पर पहुँचकर बताया कि 35 वर्षीय व्यक्ति पारिवारिक विवाद के चलते मलेनी नदी में कूदकर आत्महत्या की कोशिश कर रहा था। जवानों ने व्यक्ति को बचाया और काउंसलिंग हेतु थाने लेकर आये।




## दिव्यांगता प्रमाण पत्र अभियान में नगर परिषदने लगाया शिविर

सैलाना। शासन के निर्देशानुसार सम्पूर्ण प्रदेश में दिव्यांगता प्रमाण पत्र अभियान का आयोजन किया गया। इस क्रम में नगर परिषद सैलाना द्वारा दिव्यांगता प्रमाण पत्र शिविर का आयेजन नगर परिषद परिसर में किया गया, शिविर का शुभारंभ चैतन्य शुक्ला अध्यक्ष नगर परिषद सैलाना द्वारा किया गया। इस अवसर पर योजना प्रभारी शिखा शर्मा, हुकमीचंद परिहार, डॉ रमेश कटारा आयुष चिकित्सा अधिकारी, कमलेश मकवाना सी एच ओ, रेखा कटारा सी एच ओ, बुलबुल तंवर सी एच ओ,अनिल मेहता आयुष कंपाउंडर, प्रकाश सोलंकी स्त्र्रष्ट शिक्षा विभाग, सरिता जादव(एलएचवी), इंदिरा चौहान ए एन एम, अनीशा खान ए एन एम ने दिव्यांगता स्क्रीनिंग चिन्हांकन शिविर सैलाना में सेवाएं दी ,एवं सभी कर्मचारीगण उपस्थित रहे। शिविर में कुल 16 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। पात्र पाए गए लोगों को बच्चों को दिव्यागता प्रमाण पत्र सामाजिक न्याय विभाग द्वारा जारी किए जाएंगे।

## गलत साईड से वाहन निकाले में हादसा, महिला घायल

**रतलाम।** गलत साइड से वाहन निकलने पर एक हादसा हो गया। हादसे में महिला घायल हो गई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। जानकारी अनुसार ताल थाना क्षेत्र के ग्राम भूतिया निवासी सत्यनारायण पिता कालुराम मालवीय ने पुलिस को बताया कि वह कार लेकर ग्राम भूतिया स्थित शासकीय माध्यमिक स्कूल के सामने से गुजर रहा था तभी कार चालक ने रांग साइड से कार तेज गति से लाकर टक्कर मार दी। जिससे कार में बैठी मेरी मां कैलाशबाई को चोट लगी। फरियादी सत्यनारायण की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। शिकायत में बताया कि हादसा लापरवाही की वजह से हुआ हैं। कार चालक द्वारा वाहन का लापरवाही से चलाया जा रहा था।

## ट्राले में लगी आग...कैबिन जलकर राख

**रतलाम।** बिलपांक थाना क्षेत्र के ग्राम सिमलावदा में सड़क किनारे खड़े ट्राले में आग लग गई। आग से ट्राले के कैबिन पूरू तरह से जलकर राख हो गया। पिछला हिस्सा भी जल गया। सूचना पर रतलाम नगर निगम और बदनावर नगर परिषद से फायर लॉरी लेकर पहुंचे कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जानकारी में यह बात सामने आई है कि कैबिन में खाना बनाते समय यह हादसा हुआ। अभी तक किसी के हताहत नहीं होने की जानकारी नहीं मिली है। जानकारी के अनुसार बुधवार देर रात को ग्राम सिमलावदा में महू-नीमच सड़क किनारे खड़े ट्राले में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलने पर बिलपांक पुलिस के साथ ही रतलाम नगर निगम और बदनावर नगर परिषद की फायर लॉरी लेकर मौके पर पहुंचे आर आग पर काबू पाया। फायर बिग्रेड के कर्मचारी मौके पर पहुंचे उसके पहले ट्राले का कैबिन और पिछे का कुछ हिस्सा जल चुका था। माना जा रहा है कि ट्राला चालक और लीनिक कैबिन में खाना बना रहे होंगे उसी दौरान आग लग गई होगी। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि ट्राले में कोई भी नहीं मिला है। पुलिस ने मामले की जांच कर रही है।

सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक जानकारी में यह बात सामने आई है कि कैबिन में खाना बनाते समय यह हादसा हुआ। अभी तक किसी के हताहत नहीं होने की जानकारी नहीं मिली है। जानकारी के अनुसार बुधवार देर रात को ग्राम सिमलावदा में महू-नीमच सड़क किनारे खड़े ट्राले में आग लग गई।

# लव जिहाद जैसे षड्यंत्र को मात देने के लिए बहने शस्त्र धारण करें : सुश्री ज्योति प्रिया



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी जिला जावरा की बहनों की शक्ति यात्रा ग्राम रोजाना में संपन्न हुई। यात्रा साधना हाई सेकेंडरी विद्यालय प्रांगण से प्रारंभ हुई। मुख्यध्वज लेकर घोष के साथ दुर्गावाहिनी नगर भ्रमण करते हुए पुनः विद्यालय प्रांगण पहुंची। यात्रा में दुर्गा वाहिनी प्रांत संयोजीका सुश्री ज्योतिप्रिया दीदी ने बहनों का मार्गदर्शन किया। लव जिहाद पर फोकस किया और सभी बहनों से आग्रह किया कि इस षड्यंत्र से बचने के लिए आप सबको शस्त्र धारण करना है। हम सभी मां दुर्गा के उपासक है। मां दुर्गा ने भी शस्त्र धारण किए हुए हैं। हमें भी दुर्गा स्वरुप बनकर लवजिहाद जैसे षड्यंत्र करने वाले राक्षसों से निपटते हुए धर्म और संस्कृति की रक्षा करना है। कार्यक्रम में रतलाम विभाग संगठन मंत्री अर्जुन गहलोत, जिला अध्यक्ष मधुसूदन पाटीदार, जिला मंत्री तूफानसिंह यादव, जिला सहसंयोजक संदीप राठौर, जिला सुरक्षा प्रमुख विकास सोनी, जावरा प्रखंड अध्यक्ष पूर्णेन्दु जोशी, दीप्ति जोशी, कन्हैयालाल धनगर, जितेंद्र राठौड़ और विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी की बहने उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन कविता देवड़ा ने किया।

## महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

जावरा । भगतसिंह महाविद्यालय जावरा में साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । वर्तमान डिजिटल युग में मोबाइल, इंटरनेट, यूपीआई तथा विभिन्न प्रकार के अन्य ऐप जीवन का अनिवार्य अंग बन गए हैं परंतु इन सब ने हमारा डाटा काफी हद तक सार्वजनिक कर दिया है और साइबर अपराध आज एक डरावनी सच्चाई बन चुका है। कंप्यूटर विभाग के सहायक प्राध्यापक अहमद अली खान ने विस्तार से फिशिंग, साइबर बूलिंग, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में पीपीटी तथा वीडियो के माध्यम से बताया। प्राचार्य डॉ. एजी पठान ने विद्यार्थियों को सचेत करते हुए कहा कि वे यह जानकारी घर के अन्य सदस्यों से भी साझा करें जिससे वे भी साइबर अपराध के शिकार न बने । डॉ. बीएस किराड़े, डॉ भावना भट्ट, हितेश मित्तल, गायत्री अरोड़ा तथा अन्य प्राध्यापक कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।

**परेशानी** क्या कर रही है नगर पालिका की गैंग, आवारा जानवरों से बढ़ रही दिन-ब-दिन मुसीबत

# शहरियों की राह में मवेशियों का रोड़ा

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** शहर मे जहां ऑटो के साथ भारी लोडिंग वाहनों के कारण हर दिन जाम लगता है, वहीं इसमें एक भूमिका आवारा जानवरों की है जो लोगों की परेशानी बढ़ाने में एक बड़ा रोल अदा करती है और शहरियों की राह में ये मवेशी रोड़ा बनकर सामने आ रहे हैं, शहर से जुडे फोरलेन के भी ऐसे ही कुछ हाल हैं। लेकिन इसके बाद भी नगर पालिका का अमला केवल मूकदर्शक बना बैठा है जिससे सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ा है। शहर में हर जगह आवारा जानवरों की तादाद दिन ब दिन बढ़ती जा रही, जिस पर लगाम लगाने के लिए नगर पालिका के जिम्मेदारों द्वारा एक टीम भी गठित की गई थी, लेकिन आज शहर की सड़कों पर आमजन निकलता है तो यही आवारा



जानवर नगर पालिका के कार्यों को मुंह चिढ़ाते दिखाई दे जाएंगे,

**प्रशासन पर बनाए दबावः** इधर गौ रक्षा दल ने भी चिंता जाहिर करते हुए एक बयान जारी करते हुए कहा कि सड़कों पर घूमती गौ माता और उनके साथ होने वाली दुर्घटनाएं आमजन के लिए परेशानी बन गई हैं। गौरक्षा दल ने कई बार प्रशासन और नगरपालिका को इस समस्या के बारे में अवगत कराया, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जिस तरह आएं दिन गौ माता को सड़कों पर छोड़ देने की समस्या ने जावरा के लोगों के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। गौ माता के साथ होने वाली दुर्घटनाएं न केवल गौ माता के लिए खतरनाक हैं, बल्कि आमजन के लिए भी जानलेवा साबित हो सकती हैं। प्रशासन और नगरपालिका को इस समस्या का समाधान करने के लिए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। गौरक्षा दल ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस समस्या के समाधान के लिए प्रशासन और नगरपालिका पर दबाव बनाएं। हमें उम्मीद है कि प्रशासन और नगरपालिका इस समस्या का समाधान करने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे।

**शायद ही कभी दिखती है टीम**

शहर में जब कभी भी हांका गैंग की टीम गश्त लगाती है तो आवारा जानवरों की संख्या कम हो जाती है, क्योंकि जिनकी गाय, भैंस सड़कों पर तफरीह करती हैं, उनके मालिक पहले ही अपने जानवरों को वापस अपने घर ले आते हैं। वहीं कुछ ही समय बाद यही जानवर फिर सड़कों पर बैठे दिखाई देने लगते हैं और फिर वही जाम और दुर्घटनाओं का सिलसिला शुरू हो जाता है।